हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

11 एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आज शहरवासी करेंगे योग



12 अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर धरना जारी, एम्स संघर्ष समिति ने दिया समर्थन



## खबर संक्षेप

### ट्रेन के कोच से यात्री का ट्रॉली बैग चोरी

**रेवाड़ी।** ट्रेन के एसी कोच से यात्री का ट्रॉली बैग चोरी होने का केस दर्ज किया गया है। दिल्ली कैंट जीआरपी को दर्ज शिकायत में राजस्थान के फलना निवासी अंशुमन गोयल ने बताया कि वह परिवार के साथ ट्रेन से जोधपुर से दिल्ली जा रहा था। जब वह दिल्ली कैंट स्टेशन पर उतरा तो उसका ट्रॉली बैग नहीं मिला। बैग में कपड़े, सामान व एक हजार यूएस डॉलर थे। उसका बैग रेवाड़ी के आसपास चोरी हुआ है। जीआरपी ने जीरो एफआईआर के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### फरार चल रहा कोर्ट से घोषित पीओ काबू

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले में सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं होने पर राजस्थान के सनौली निवासी मनोज कुमार को पीओ घोषित किया गया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 3 जून को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। उसकी संपत्ति का ब्योरा भी जुटाया गया है।

### दोस्त के साथ ससुराल गया युवक गायब

**धारूहेड़ा।** अलावलपुर से अपने दोस्त के साथ उसकी ससुराल गया एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में ओमवती ने बताया कि गांव के ही रहने वाले सोनू उर्फ ओमप्रकाश ने 4 जून को ससुराल झारखंड जाने के लिए उसके 30 साल के बेटे अनिल को अपने पास बुलाया था। इसके बाद सोनू अपनी पत्नी को लेकर लेकर वापस आ गया, परंतु उसके बेटे का कोई पता नहीं चला। काफी तलाश करने के बाद भी उसके बेटे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### ट्रेन में चढ़ते हुए महिला का मंगलसूत्र चोरी

**रेवाड़ी।** चेतक एक्सप्रेस में चढ़ते समय रेलवे स्टेशन पर एक महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया। जीआरपी उदयपुर को दर्ज शिकायत में गौरव जोशी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ चेतक एक्सप्रेस से उदयपुर जा रहा था। स्टेशन पर भीड़ होने के कारण जब उसकी पत्नी ट्रेन में चढ़ रही थी, तो किसी ने उसका मंगलसूत्र चोरी कर लिया। ट्रेन चलने के कारण उसने उदयपुर पहुंचकर जीरो एफआईआर दर्ज कराई। जीआरपी ने जीरो एफआईआर के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** पुलिस ने गोठड़ा टप्पा डहीना में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 3 जून को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी रौनक को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मोहल्ला रामबास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 9 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच करते हुए पुलिस ने रामबास निवासी हितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

## दलहन और तिलहन की खेती के लिए आगे नहीं आ रहे किसान

# फसल विविधिकरण से किसानों की तौबा खरीफ सीजन में बाजरा उत्पादन पर जोर

■ इस बार 91 हजार हेक्टेयर जमीन पर बाजरे की खेती का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

खरीफ के सीजन में दलहन और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की योजनाओं की ओर किसानों ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसी वजह से फसल विविधिकरण के लिए शुरू की गई सरकारी योजनाएं भी दम तोड़ चुकी हैं। किसान खरीफ की मुख्य फसल के रूप में बाजरे को पहली पसंद बनाए हुए हैं, जिस कारण इस बार जिले में 91 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाजरे की बिजाई किए जाने की संभावना है। जून माह के शुरू में हुई अच्छी बरसात के बाद लगभग 60 फीसदी किसान बाजरे की बिजाई कर चुके हैं। बाजरा का औसत उत्पादन 23 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के आसपास होने के कारण इससे किसानों को अच्छा फायदा मिलता है।





रेवाड़ी। बाजरे की बिजाई के लिए जमीन की जुताई करते किसान, एक खेत में बाजरे की फसल पर बरसात से छाई हरियाली। फोटो :हरिभूमि

बाजरा और धान की फसलों का ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। 'मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना के तहत सरकार धान की जगह दलहन या तिलहन की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 7 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देती रही है। इसी तरह बाजरे की जगह तिलहन और दलहन फसलों की खेती करने वाले किसानों को 4 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से यह राशि दी जाती थी। वर्ष 2021 जिले में बड़ी संख्या में किसानों ने सरकार की इस योजना का लाभ उठाने के लिए बाजरे की जगह वैकल्पिक फसलों पर जोर दिया था। कई इलाकों में बाजरे की फसल अधिक वर्षा की भेंट चढ़ गई थी, जिससे पशुचारे का संकट पैदा हो गया था। क्षेत्र व राजस्थान के निकटवर्ती इलाकों में वर्ष 2020 में बाजरे की फसल की बंपर पैदावार हुई थी। सरकारी समर्थन मूल्य पर बाजरा बेचने के लिए किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इसके लिए कई बार किसानों को आंदोलन भी करने पड़े थे। एमएसपी पर बाजरा की खरीद से सरकारी गोदाम बाजरे से भर गए थे। गोदाम खाली करने के लिए सरकार को बाद में बाजरा सस्ते दामों पर बेचना पड़ा था। फसल विविधिकरण का प्रयोग किसानों के लिए महंगा पड़ा था। मूंग और तिल की खेती किसानों को दगा दे गई थी। बाजरा उत्पादन काफी कम होने के कारण किसानों के सामने पशुचारे तक का संकट खड़ा हो गया था।

### दलहन व तिलहन फसलों से नुकसान

वर्ष 2021 में जिले के किसानों ने लगभग 30 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाजरे के विकल्प के रूप में मूंग और तिल की खेती की थी। इसके लिए किसानों को प्रति एकड़ 4 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिली थी। यह राशि किसानों के बैंक खातों में आ गई थी। मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण इन दोनों फसलों का उत्पादन संतोषजनक नहीं रहा था। प्रोत्साहन राशि भी बाजरे के दामों के बराबर भरपाई नहीं कर पाई थी, जिस कारण गत वर्ष ही किसानों ने वैकल्पिक फसलों से मुंह मोड़ लिया था। दलहन और तिलहन फसलों के चक्कर में बाजरा नहीं उगाने से किसानों के सामने पशुचारे का संकट भी खड़ा हो गया था।

### मौसम का फायदा उठा रहे किसान

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बाजरा फसल बिजाई का सही समय 20 जून से शुरू होता है। इसके बाद जुलाई के अंत तक बाजरे की बिजाई की जा सकती है। इस बार प्री-मानसून बारिश होने से किसानों ने जून के शुरू में ही बाजरे की बिजाई करना शुरू कर दिया था। बाजरा फसल का टारगेट 91 हजार हेक्टयेर माना गया है, जबकि अभी तक किसान 56 हजार हेक्टयेर जमीन पर बाजरे की बिजाई कर चुके हैं। तिलहन और दलहन फसलों में अभी तक किसानों कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। अब एक बार फिर अच्छी बरसात हुई है, जिससे किसान बाजरे की बिजाई करने में जुटे हुए हैं।

### वैकल्पिक फसलों से नहीं हुआ था लाभ



एसडीओ दीपक यादव।

सरकार ने खरीफ के सीजन में धान और बाजरा फसल का विकल्प अपनाकर दलहन फसलों की बिजाई करने वाले किसानों के लिए प्रोत्साहन राशि देना शुरू किया था। किसानों के लिए इस एरिया में बाजरा ही अच्छा उत्पादन देने वाली फसल है, जिस कारण इन योजनाओं में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। इस बार प्रोत्साहन योजनाओं को लेकर कोई टारगेट नहीं भेजे गए हैं।

### जमीन की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अगर किसान लगातर जमीन पर एक ही फसल उगाते हैं, तो इससे जमीन की उपजाऊ शक्ति क्षीण होती है। अगर फसलो में बदलाव करते हुए दलहन फसल बोई जाएं, तो इससे जमीन में नाइट्रोजन की कमी पूरी जाती है। दलहन फसल उगाने वाले खेत में रबी फसल का उत्पादन बढ़ने की पूरी संभावना रहती है। पर्याप्त उत्पादन के अभाव में किसान दलहन और तिलहन फसलों में रुचि नहीं ले रहे हैं। दोनों फसलों का रकबा लगभग 2.5 हजार हेक्टेयर जमीन तक सिमटा हुआ है। -दीपक यादव, एसडीओ, एग्रीकल्चर।

### जिले में खरीफ की फसलों का टारगेट

| | |
|---|---|
| बाजरा | 91 हजार हेक्टेयर |
| ज्वार | 1 हजार हेक्टेयर |
| कपास | 13 हजार हेक्टयेर |
| दालें | 1 हजार हेक्टेयर |
| तिलहन | 15 सौ हेक्टेयर |

## शिक्षकों ने किया योगाभ्यास



रेवाड़ी। उमा भारती स्कूल में योगा करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्वामी उमा भारती पब्लिक स्कूल में कमलेश भारती के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। इस दौरान 55 वर्षीय अध्यापक मलखान सिंह के आसन ने सभी अध्यापकों आश्चर्य चकित किया। कमलेश भारती ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को स्कूल का स्टाफ लगातार योगाभ्यास कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री के योग संदेश का सभी को पालन करना चाहिए। योग सेहत के लिए बहुत लाभकारी है और इससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है, इसलिए सभी को नियमित योगाभ्यास करना चाहिए।

## मायके जाने के लिए स्टेशन पर आई महिला बच्ची सहित लापता

**रेवाड़ी।** जिले के एक गांव से मायके जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर आई एक महिला चार साल की बच्ची सहित लापता हो गई। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद महिला व बच्ची की तलाश शुरू कर दी। जीआरपी को दर्ज शिकायत में एक महिला ने बताया कि वह 17 जून को अपनी 35 साल की पुत्रवधु व चार साल की पोती को लेकर रेलवे स्टेशन पर आई थी। उसकी पुत्रवधु को अपने मायके यूपी के कादिपुर जाना था। वह उसे ट्रेन का टिकट देकर घर चली गई। अगले दिन उसकी पुत्रवधु के मायके में उसके भाई से बात हुई तो उसने बताया कि उसकी बहन घर नहीं पहुंची है। उसका फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। जीआरपी ने सासकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उसकी पुत्रवधु व पोती का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस ने दूसरे रेलवे स्टेशनों को भी महिला व बच्ची के लापता होने की सूचना प्रेषत की है, ताकि उनका पता लगाया जा सके।

## टैंकर से की जा रही थी तेल की चोरी, एक आरोपी को दबोचा, दो भागने में कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कमालपुर में एक टैंकर से तेल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके दो साथी पुलिस को देखकर भागने में कामयाब हो गए। आरोपियों के कब्जे से तेल निकालने की पाइप व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कमालपुर निवासी अजय तेल डिपो से निकलने वाले टैंकरों से डीजल व पेट्रोल निकालकर उसे राजस्थान में महंगे दामों पर बेचने का धंधा करता है। वह अपने प्लॉट में एक टैंकर से तेल निकलवा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक संदीप को साथ लेकर अजय के प्लॉट पर रेड की। पुलिस के पहुंचते ही दो युवक दीवार कूदकर भाग गए। मौजूद गुजरीवास निवासी देवेंद्र को पुलिस ने काबू कर लिया। मौके पर टैंकर की सील टूटी हुई मिली। एक प्लास्टिक पाइप, एक लोहे का कीप, 20 लीटर डीजल से भरा ड्रम व एक खाली ड्रम रखे हुए थे। पूछताछ में देवेंद्र ने बताया कि जो व्यक्ति दीवार कूदकर भागे हैं, अजय व उसका भाई मोनू शामिल हैं। पुलिस ने मौके पर सैंपलिंग कराते हुए देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। टैंकर को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ मॉडल टाउन थाने में ईसी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में तेल चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## फ्लाईओवर के पत्थर से टकराई कार इंजन निकलकर दूर जा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पटौदी सड़क मार्ग पर शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार गांव काकोड़यिा के निकट सड़क किनारे रखे निर्माणधीन फ्लाईओवर के पत्थर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का इंजन निकलकर 20 मीटर दूर आगे जा गिरा। कार के दोनों एयरबैग खुलने की वजह से उसमें सवार दोनों लोगों की जान बच गई। आसपास के लोगों ने दोनों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मंदिर के समीप फ्लाइओवर का निर्माण चल रहा है। शुक्रवार की शाम स्विफ्ट कार रेवाड़ी से पटौदी की तरफ जा रही थी। कार जब मंदिर के पास पहुंची तो वहां सड़क किनारे रखे भारी भरकम पत्थर से टकरा गई। टक्कर से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और कार में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला।दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सड़क पर खड़े ट्रॉले में घुसी कार, चालक की दर्दनाक मौत

**कुंड।** जैसलमेर नेशनल हाइवे पर सड़क पर खड़े ट्रॉले में कार घुसने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। माजरा भालखी निवासी राजेश कुमार कार लेकर अपने घर की ओर जा रहा था। एक होटल के पास रात को ट्रॉला बिना लाइट या इंडिकेटर जलाए सड़क पर खड़ा था। राजेश की कार ट्रॉले में घुस गई। जोर का धमाका होने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने ट्रॉले में फंसी कार को बाहर निकालते हुए राजेश को निकाला। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## विधायक ने कोसली अस्पताल का किया निरीक्षण

■ विधायक ने चिकित्सा अधिकारी डा. जयपाल से अस्पताल की जरूरतों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि सामान्य अस्पताल में आने वाले नागरिकों को समय पर उचित चिकित्सा सेवाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल स्टाफ मरीजों की तकलीफ को समझते हुए ठीक व्यवहार करें। विधायक ने शुक्रवार को कोसली के सामान्य अस्पताल का निरीक्षण करने के उपरांत डॉक्टरों व स्टाफ को निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में मरीज की पर्ची बनाने से लेकर दवाई देने, मेडिकल टेस्ट, एक्स-रे मशीन, साफ-सफाई व वार्डों का निरीक्षण किया। विधायक ने चिकित्सा अधिकारी डा. जयपाल से अस्पताल की जरूरतों की जानकारी ली तथा उन्हें पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव से मिलकर अस्पताल की कमियों को दूर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहनी चाहिए और मरीजों के बैठने, पीने के पानी, वार्ड में दाखिल करने जैसी सेवाएं सुचारू रूप से रहे। इस अवसर पर डा. सार्थक, डा. प्रीति, डा. मुकेश, अनिल, सूर्यकांत, ऋतुराज व सुखबीर सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। कोसली अस्पताल का निरीक्षण करते विधायक अनिल यादव। फोटो :हरिभूमि

## मौसम में बार-बार आ रहा बदलाव, जल्द मानसून आने की संभावना

# तापमान में मामूली गिरावट के बावजूद उमस बढ़ी

■ चिपचिपाहट भरी गर्मी छुड़ाने लगी लोगें के पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कभी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी, तो कभी आसमान साफ होने से तेज धूप। तीन दिनों से मौसम इसी तरह का बना हुआ है। हवा में आर्द्रता अधिक होने के कारण उमस भरी गर्मी जमकर पसीना निकाल रही है। अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। 25 जून से मानसून की बरसात शुरू होने की संभावना है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर तक आसमान साफ होने के बाद तेज धूप निकली। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की कमी के साथ 33 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 1 डिग्री गिरकर 22 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में आर्द्रता 76 फीसदी तक रहने के कारण दोपहर तक वातावरण में भारी उमस बन गई, जिससे शाम तक उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाते रही। शाम को आसमान में बादल गहराने के बाद बूंदाबांदी की संभावना बन गई।



रेवाड़ी। शुक्रवार दोपहर को शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

मौसम विभाग के अनुसार धीरे-धीरे सम्पूर्ण इलाके में बादलों की आवाजाही बनी हुई है और उमस भरी पसीने छुटाने वाली गर्मी से आमजन को रूबरू होना पड़ रहा है। आने वाले दो दिनों में राजस्थान के कुछ और हिस्सों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बचें हुए हिस्से, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के कुछ हिस्सों और लद्दाख के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के अनुकूल स्थितियां बनी हुई हैं। मौसम में बदलाव के साथ तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 25 जून से मानसून की बरसात शुरू हो सकती है, जो कई दिनों तक रुक-रुककर जारी रह सकती है।

### किसानों के लिए वरदान बना मौसम

तीन-चार दिन से रुक-रुककर होने वाली बरसात व बूंदाबांदी से मौसम किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। कपास व बाजरे की फसलों को पूरा फयदा मिल रहा है। जिन किसानों ने अभी तक बाजरे की बिजाई नहीं की है, वह अब बिजाई करने में जुट गए हैं। फसल सिंचाई से किसानों को छुटकारा मिला हुआ है। दोनों फसलों पर जबरदस्त हरियाली छाने लगी है, जिससे अच्छा फसल उत्पादन होने की संभावना है। मौसम में बदलाव से बिजली की खपत भी कम हुई है, जिससे लोगों को पावर कटों से राहत मिली हुई है।

## पंजाबी धर्मशाला में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार 22 जून को पंजाबी धर्मशाला में सुबह 7 बजे पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आईएमए के पूर्व जिला प्रधान डा. दीपक यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व नरेन्द्र गुगनानी संचालक संस्कार केंद्र विशिष्टातिथि रहेंगे।

संस्था की ओर से रोहतास वाल्मीकि जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा, संगीतलता पार्षद, पर्यावरणविद रीटा गेरा व एमए संस्कृत स्वर्ण पदक विजेता कुमारी नेहा का अभिनंदन किया जाएगा तथा अतिथियों को पौधे भेंट किए जाएंगे।

पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।

धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो, पृथ्वी पर दिन महज छह घंटे के लिए होगा।

# सीसीसी कोर्स करने के मिलते हैं अनेक फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन



आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नजर आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

---

बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास सभी क्षेत्रों में इसकी जरूरत

# एमबीए के बाद मिलते हैं कई अच्छी सैलरी वाली नौकरियों के अवसर, बनेगा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

अगर आप नौकरी की सुरक्षा, करियर में उन्नति, बेहतर अवसर और कई अतिरिक्त भत्तों की तलाश में हैं तो एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास और आवास विभाग आदि कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। आरबीआई, एसबीआई, एनएमडीसी और अन्य जैसे शीर्ष संगठन भी विभिन्न पदों के लिए एमबीए करने वाले अनुभवी पेशेवरों को नियुक्त करते हैं। कई छात्र एमबीए के बाद सरकारी नौकरी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनके लिए कौन सी नौकरियां उपलब्ध हैं। इस ब्लॉग में, हम आपको उन सबसे लोकप्रिय सरकारी नौकरियों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप एमबीए की डिग्री पूरी करने के बाद हासिल कर सकते हैं।

## नौकरियों की यहां कोई कमी नहीं



### सरकारी नौकरियों के लिए अवसर

**प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसर** : एमबीए के बाद केंद्र और राज्य सरकार दोनों के द्वारा कई प्रवेश स्तर की नौकरियां उपलब्ध हैं। इसके लिए किसी वर्क एक्सपीरियंस की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन प्रवेश स्तर के पदों के लिए वेतन भी उच्च नहीं होता। अतः उम्मीदवार के लिए वेतन देखने के बजाय पहले नौकरी करना बेहतर है। एक बार जब वे कुछ अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, तो वे बेहतर अवसरों की तलाश कर सकते हैं।



**भत्ते और लाभ** : सरकारी क्षेत्र के उम्मीदवारों को चिकित्सा और मातृत्व सेवाओं जैसे कई लाभ मिलते हैं। सरकारी क्षेत्र इस मामले में निजी क्षेत्र से कहीं बेहतर है।

**करियर विकास** : निजी क्षेत्र की तुलना में सरकारी क्षेत्र में करियर की ग्रोथ अच्छी है। निजी क्षेत्र में काम करने वाला कर्मचारी 15 साल के भीतर सुप्रीटेंडेंट या सीनियर क्लर्क बन सकता है जबकि सरकारी संगठन का कर्मचारी आगे प्रमोशन के द्वारा अन्य ऊंचे पदों पर जा सकता है।

**योग्यता पुरस्कृत** : सरकार उन उम्मीदवारों की तलाश में है, जिनके कौशल, जॉब प्रोफाइल और प्रोजेक्ट्स से मेल खाते हैं। कुछ सरकारी एजेंसियां भी हैं जो अब अपने प्रोजेक्ट्स के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। ऐसे में आप अपनी योग्यता के अनुसार अच्छे अवसरों की तलाश कर सकते हैं।

### एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर

एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर का मुख्य कार्य कार्यक्रम को लागू करना, किसी विशेष कार्यक्रम में कर्मचारियों की गतिविधियों की जांच करना और कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों का मैनेजमेंट करना है। इस प्रोफाइल के लिए डिग्री में योग्यता के आधार पर किया जाता है। कुछ संगठन हैं जो चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर्स यूपीएससी, एसएससी परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के अंकों के आधार पर नियुक्त किए जाते हैं। इनका वार्षिक वेतन 8 से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष है।

### मार्केटिंग ऑफिसर

मार्केटिंग ऑफिसर सभी बैंक या संबंधित आर्गेनाइजेशन उत्पादों के लिए स्ट्रेटजी बनाते हैं। एक मार्केटिंग ऑफिसर के कुछ प्रमुख कार्य प्रोडक्ट का प्रचार करना, सोशल मीडिया का मैनेजमेंट करना, एक विज्ञापन एजेंसी के साथ कोऑर्डिनेट करना और मार्केटिंग कैंपेन का मैनेजमेंट करना है। जिन उम्मीदवारों ने एमबीए मार्केटिंग, पीजीडीबीएम, या पीजीडीबीए में एमबीए पूरा कर लिया है, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। मार्केटिंग ऑफिसर का वेतन 8 से 15 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

### बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए

बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए एक स्पेजलाइजेशन फिल्ड है जो छात्रों को विभिन्न एनालिटिकल टूल्स (सांख्यिकीय और मात्रात्मक विश्लेषण, व्याख्यात्मक और प्रीडिक्टिव मॉडलिंग, डेटा विजुअलाइजेशन, आदि) का उपयोग करने के तरीके सीखाता है ताकि कई स्रोतों से डेटा एकत्र किया जा सके। ताकि कस्टमर बिहेवियर, मार्केट ट्रेंड और बिजनेस इंटेलिजेंस से संबंधित अन्य मामले में इसका उपयोग कर विश्लेषण किया जा सके। व्यापार में एनालिटिक्स के बढ़ते महत्व के कारण भारत में बिजनेस एनालिटिक्स पेशेवरों का औसत वेतन 11 लाख प्रति वर्ष जबकि फ्रेशर्स लगभग 5 - 8 लाख प्रति वर्ष, अनुभवी पेशेवर 10 - 18 लाख प्रति वर्ष और शीर्ष स्तर के लोग 30 - 55 लाख सालाना तक वेतन पा सकते हैं।

## एमबीए के बाद टॉप सरकारी नौकरियां



**कई एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं जहां आप आवेदन कर सकते हैं नीचे एमबीए के बाद कुछ प्रमुख सरकारी नौकरियां दी गई हैं।**

**सीईओ** : एक सीईओ, किसी आर्गेनाइजेशन की रीढ़ की हड्डी समान होता है। सीईओ संबंधित आर्गेनाइजेशन प्रोडक्ट्स, ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरहोल्डर्स और कम्पनी के गोल्स के बारे में निर्णय लेता हैं। एक सीईओ बनने के लिए, आपके पास अकाउंटिंग, मैनेजमेंट या अकाउंटेंसी में डिग्री या प्रोफेशनल क्रेडेंशियल होना चाहिए। सीईओ बनने के लिए सालों के एक्सपीरियंस और हार्ड वर्क की आवश्यकता होती है। भारत में एक सीईओ का वेतन 30 से 34 लाख रुपए सालाना है।

**पर्सनल ऑफिसर** : बैंकों को अपनी ह्यूमन रिसोर्स एक्टिविटीज को संभालने के लिए एक पर्सनल ऑफिसर की आवश्यकता होती है। बैंकों में इन ऑफिसर्स के कुछ प्रमुख कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना, भत्तों को डिजाइन करना, कर्मचारियों की पोस्टिंग या स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति लाभ वितरण, प्रचार अभ्यास आयोजित करना और कर्मचारियों के प्रदर्शन की निगरानी करना है। उम्मीदवार राष्ट्रीय स्तर पर बैंक में कार्मिक अधिकारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसबीआई की अपनी प्रवेश परीक्षा है जबकि बाकी बैंक उम्मीदवारों को उनके आईबीपीएस आरआरबी के आधार पर नियुक्त करते हैं। इनका अनुमानित वार्षिक वेतन 5 लाख से 15 लाख रुपए के बीच होता है।


**बैंक असिस्टेंट ऑफिसर** : बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के कुछ प्रमुख काम किसानों को ऋण सुविधाओं के बारे में सूचित करना, क्रेडिट प्रोफाइल की जांच और लोन रिपेमेंट नीतियों के कार्यान्वयन और प्रचार, और वार्षिक बैलेंस शीट बनाना आदि हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन देश भर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में असिस्टेंट मैनेजर्स की भर्ती के लिए आईबीपीएस आरआरबी ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा आयोजित करता है। बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के रूप में आप सालाना 5 से 10 लाख रुपए कमा सकते हैं। यह एक प्रमुख एमबीए के बाद सरकारी नौकरी है।

**जनरल मैनेजर** : जनरल मैनेजर आर्गेनाइजेशन या कम्पनी के कॉस्ट एलिमेंट्स और रिवेन्यू का ध्यान रखता है। आईबीपीएस, नाबार्ड , आईडीबीआई कुछ प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं हैं। जिसके आधार पर सरकारी संगठनों में जनरल मैनेजर नियुक्त किए जाते हैं। इन परिक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए आपके पास एमबीए की डिग्री होनी आवश्यक है। एक जनरल मैनेजर का वार्षिक वेतन 10 से 15 लाख रुपए के बीच है।

**मैनेजर ट्रेनी** : उम्मीदवार मैनेजर ट्रेनी पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। एक मैनेजर ट्रेनी वह व्यक्ति होता है जिसे सुपरवाइजरी या मैनेजेरियलपदों पर ट्रेनिंग दी जाती है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना चाहिए। कुछ सरकारी संगठन जो इस पद के लिए उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं, वे हैं फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मिश्र धातु निगम लिमिटेड, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। एक मैनेजर ट्रेनी का वेतन 15 से 30 हजार प्रति माह हो सकता है।

---

# नकारात्मकता के माहौल में सकारात्मक रहकर अपने जीवन को दें नई दिशा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का दौर सूचनाओं का युग है। हर दिन हमें समाचारों के माध्यम से शिक्षा, अपराध, पेशेवर जीवन, और युद्ध जैसी नकारात्मक खबरें सुनने को मिलती हैं। ये खबरें न केवल हमारे मन को उदास करती हैं, बल्कि कभी-कभी हमारे सपनों और उत्साह को भी कमजोर कर सकती हैं। लेकिन प्रिय छात्रों, यह समय हार मानने का नहीं, बल्कि सकारात्मकता की रोशनी फैलाने का है। आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। आइए, जानें कि नकारात्मकता के इस माहौल में सकारात्मक कैसे रहा जाए और अपने जीवन को एक नई दिशा दी जाए। समाचार हमें दुनिया की हकीकत से रूबरू कराते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरी दुनिया केवल नकारात्मकता से भरी है। हर नकारात्मक खबर के पीछे सकारात्मक बदलाव की संभावना छिपी होती है।

## शिक्षा में चुनौतियों को अवसर के रूप में देखें

उदाहरण के लिए, अगर आप शिक्षा में चुनौतियों की खबर सुनते हैं, तो इसे एक अवसर के रूप में देखें। आप एक ऐसी पढ़ाई या नवाचार ला सकते हैं जो शिक्षा को बेहतर बनाए। अपराध की खबरें आपको समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। सकारात्मक नजरिया अपनाएं और हर समस्या को एक चुनौती के रूप में देखें, जिसका समाधान आप बन सकते हैं।

**अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। नकारात्मक समाचार आपके ध्यान को भटका सकते हैं, लेकिन यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कलाकार बनना चाहते हों, अपने सपनों को जीवित रखें। हर दिन अपने लक्ष्य की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं। जब आप अपने उद्देश्य पर केंद्रित रहते हैं, तो नकारात्मकता आपके मन को कम प्रभावित करती है। अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराने के लिए और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए, अपने लक्ष्यों को कभी न भूलें।

**सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताएं** : आपके आसपास के लोग आपके विचारों को बहुत प्रभावित करते हैं। ऐसे दोस्तों और शिक्षकों का साथ चुनें जो आपको प्रेरित करें और सकारात्मकता फैलाएं। अपने परिवार के साथ समय बिताएं और उनकी कहानियों से सीखें। आपके माता-पिता ने भी अपने समय में कई चुनौतियां देखीं। उनकी मेहनत और धम्य से आज आप यहां हैं। उनके अनुभव आपको नई प्रेरणा दे सकते हैं। साथ ही, प्रेरक किताबें पढ़ें और उन लोगों की कहानियां सुनें जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की। सकारात्मकता संक्रामक होती है, और यह आपके जीवन को नई ऊर्जा से भर देगी।

**छोटे-छोटे कार्यों से बदलाव की शुरुआत करें** : राष्ट्र का भविष्य आप जैसे युवाओं के हाथों में है। आपको लगता है कि युद्ध, अपराध, या सामाजिक समस्याएं बहुत बड़ी हैं, तो छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें। अपने स्कूल में एक स्वच्छता अभियान चलाएं, अपने दोस्तों को शिक्षा का महत्व समझाएं, या अपने समुदाय में किसी जरूरतमंद की मदद करें। ये छोटे प्रयास न केवल आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे, बल्कि आपके माता-पिता और समाज के लिए गर्व का कारण बनेंगे।

## शारीरिक सेहत का ख्याल रखें

नकारात्मक खबरें आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए, अपनी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। रोजाना ध्यान, योग, या व्यायाम करें। सुबह कुछ समय प्रकृति के साथ बिताएं। अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त नींद लें। जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो आपका मन भी सकारात्मक रहता है। साथ ही, अपने विचारों को कागज पर लिखें। यह आपके मन के बोझ को कम करता है और आपको नई दिशा देता है।

**माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा बनें** : आपके माता-पिता ने आपके लिए कई सपने देखे हैं। उनकी मेहनत और बलिदान को कभी न भूलें। जब आप सकारात्मक रहते हैं और अपने लक्ष्यों को हासिल करते हैं, तो आप न केवल उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी एक योगदान देते हैं। भारत जैसे देश में, जहां युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है, आप एक सकारात्मक बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं। आपकी मेहनत और सकारात्मकता न केवल आपके परिवार, बल्कि पूरे देश को प्रेरित कर सकती है।

**आभार व्यक्त करें** : नकारात्मकता के बीच, हम अक्सर उन चीजों को भूल जाते हैं जो हमारे पास हैं। हर दिन कुछ समय निकालकर उन चीजों के लिए आभार व्यक्त करें जो आपके जीवन में हैं—आपका परिवार, आपके शिक्षक, आपके दोस्त, और आपका देश। आभार का भाव आपके मन को शांति देता है और आपको सकारात्मक बनाए रखता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक I
(बी) राजराजा I
(सी) राजेन्द्र I
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज I
(बी) राजेन्द्र I
(सी) कुलोत्तुंग चोल I

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार



आरोपी जतिन

**रेवाड़ी।** गत 18 जून की रात रेलवे चौक के पास एक शराब ठेके से बाइक चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली गई है। सज्जन कॉलोनी निवासी संजय ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि वह शराब के ठेके पर बीयर खरीदने के लिए बाइक से आया था। बाइक ठेके के पास खड़ी करने के बाद वह बीयर और कोल्ड ड्रिंक खरीदने के लिए चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नया गांव बाईपास रोड निवासी जतिन को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से बाइक बरामद होने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क पर हुड़दंगबाजी करते तीन आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने गोल्डन विला सोसायटी के पास रात को हुड़दंगबाजी करते हुए लोगों की शांति भंग करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि सोसायटी के पास तीन लोग आपस में गुत्थम-गुत्था होकर गाली-गलौज कर रहे हैं। वह अश्लील गालियां निकाल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर तीनों आरोपियों को काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में नया गांव दौलतपुर निवासी धर्मेंद्र, कुंभावास निवासी ओमदत्त व बाम्बड़ निवासी रोहित शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया

### बाल भवन में नंबरदार एसो. की बैठक आयोजित



**रेवाड़ी** जिला नंबरदार एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को बाल भवन में जिला अध्यक्ष उदयराज नंबरदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों ने गत 15 जून को आयोजित हुई धन्यवाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की ओर से नंबरदारों की मांगों को पुरजोर तरीके से रखने पर आभार व्यक्त किया गया। नंबरदारों की मांगों का डा. अरविंद शर्मा सहकारिता मंत्री ने भी समर्थन किया।

### जोनियावास के खेतों में चोरों का उत्पात

**धारूहेड़ा।** जोनियावास गांव के खेतों में चोरों ने जमकर उत्पात मचाते हुए 8 किसानों के नलकूपों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में अजय कुमार ने बताया कि सुबह के समय जब वह अपने खेत में गया तो वहां से 20 फव्वारा पाइप व 15 नोजल नहीं मिले। उसने आसपास पूछताछ की तो पड़ोसी पड़ोसियों पवन, उत्तम, विनोद, बहादुर, अंकित, उदय व मित्रसेन आदि ने बताया कि चोर उनके नलकूपों से भी बिजली की केबल व फव्वारा सेटों का सामान चोरी कर ले गए हैं।

### बस स्टैंड पर जर्जर सड़क पर जमा पानी बनी परेशानी

**बावल।** नांगल तेजू बस स्टैंड पर जर्जर सड़क व मार्ग पर जमा गंदे पानी के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राजीव, सरजीत, सुमित, देवेन्द्र सिंह, करतार सिंह व सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि नांगल तेजू बस स्टैंड पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की शाखा है व आस-पास लगभग 40 दुकानें है। वर्तमान में दुकानों व बैंक के आगे पीडब्ल्यूडी विभाग के रोड पर गंदा पानी व बरसाती पानी एकत्रित हो रहा है, जिससे लोगों को निकलने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

---

### एसडीएम सुरेंद्र सिंह की देखरेख में योग दिवस रिहर्सल का शुभारंभ

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आज लोग करेंगे योग, फाइनल रिहर्सल सम्पन्न

राव तुलाराम स्टेडियम में विधायक लक्ष्मण सिंह व बावल में विधायक डॉ. कृष्णा और कोसली में विधायक अनिल यादव होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। स्टेडियम में योगाभ्यास करते हुए कर्मचारी व शहरवासी, योग साधकों को योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक राकेश छिल्लर। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को राव तुलाराम स्टेडियम में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-थीम के साथ मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल शुक्रवार को आयोजित की गई। एसडीएम सुरेंद्र सिंह की देखरेख में योग दिवस रिहर्सल का शुभारंभ डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, पीओ आईसीडीएस शालू यादव व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बसंत कुमार ने किया। योग साधकों ने एकरूपता का परिचय देते हुए योग व प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाचार्य राकेश छिल्लर ने सभी प्रतिभागियों को प्रोटोकॉल के अनुसार योग व प्राणायाम कराए। शनिवार को जिला स्तरीय आयोजन सहित बावल व कोसली में योग दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

इस मौके पर एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि योग दिवस को गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं के साथ ही हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप जिला स्तर से लेकर खंड स्तर तक 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य तरीके से आयोजन किया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.बसंत सोनी ने बताया कि जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे, जबकि बावल उपमंडल में आयोजित योग दिवस समारोह में बावल से विधायक डा.कृष्ण कुमार तथा कोसली में विधायक कोसली अनिल यादव बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

#### फाइनल रिहर्सल में इन आसनों का हुआ अभ्यास

फाइनल रिहर्सल में प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन व त्रिकोणासन, बैठकर करने वाले दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूक व वज्रासन, पेट के बल लेटकर किए वाले मकरासन, भुजंगासन, शलभासन तथा सेतुबंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन व श्वासन आदि योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी व ध्यान का अभ्यास कराया गया।

#### अनुलोम विलोम शरीर में करता सकारात्मक

रिहर्सल के दौरान योगाचार्य राकेश छिल्लर ने कहा कि योग शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। नियमित योगाभ्यास से छोटी से बड़ी कई बीमारियों से शरीर का बचाव किया जा सकता है। वैसे तो कई तरह के योगासन हैं, जो अलग-अलग तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं में असरदार होते हैं, लेकिन कुछ योग ऐसे हैं जो मानसिक तौर पर तो आपको स्वस्थ रखते ही हैं, साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं। इन्हीं योगासनों में एक अनुलोम-विलोम शामिल है। अनुलोम विलोम का अभ्यास शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, साथ ही कई तरह की बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करता है। अनुलोम-विलोम श्वास से जुड़ा योगासन है, जिसका अभ्यास सभी उम्र के लोगों के लिए सुरक्षित है।

---


रेवाड़ी। गांव जोनियावास में लगाया गया नशामुक्त गांव का बोर्ड।

## पुलिस ने जिले के आठ गांवों को किया नशा मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से 26 जून तक मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरूपयोग और उनकी अवैध तस्करी रोकने के लिए समाज को जागरूक करना है। मुहिम के तहत पुलिस नशा पीड़तिों का इलाज करा रही है। वहीं युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए खेल कूद और पढ़ाई में अव्वल रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस की ओर से स्कूलों, कॉलेजों व ग्राम पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

#### पुलिस ने इन गांवों को किया नशामुक्त घोषित

पुलिस ने ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जिले के आठ और गांवों को नशा मुक्त घोषित किया गया है। शुक्रवार को गांव बुड़ाना, मालपुरा, जोनियावास, खलियावास, गढ़ी अलावलपुर, राजपुरा आलमगीरपुर, घटाल महानीयवास व महेश्वरी को नशा मुक्त घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध थाना धारूहेड़ा निरीक्षक जगदीश चन्द, निरीक्षक रामपाल व उनकी टीम ने नशा मुक्त घोषित गांवों के सरपंच, सरपंच प्रतिनिधियों व मौजिज व्यक्तियों का जिला पुलिस की ओर से धन्यवाद किया और कहा कि सभी मिलकर गांवों को नशा मुक्त रखें। निरीक्षक रामपाल ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर नशा मुक्त घोषित किए गए इन 8 गांवो की एक महीना के बाद पुनः समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने रामपाल ने कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों और नशे के खिलाफ जागरूकता का परिणाम है। पुलिस विभाग नशा तस्करों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगा। नशा मुक्त घोषित किए गए प्रत्येक गांव में हमारा गांव नशा मुक्त है के बोर्ड भी लगाए गए है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और भविष्य में भी अपने गांवों को नशा मुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया।

---

## भाजपा आयोजित करेगी मोहल्ला चौपाल कार्यक्रम

- कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों की दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। मोदी सरकार की उपलब्धियां दिखाते पार्षद व भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्षा डा. वंदना पोपली की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्षद व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों के सफल शासन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए मोहल्ला चौपाल कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। डा. पोपली ने पार्षदों के साथ वार्डो में मोहल्ला चौपाल आयोजित करने की योजना तैयार की। चौपाल में विशेष रूप से गरीब, पिछड़े, महिलाओं और किसानों के हित में लिए गए फैसलों एवं योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड शीघ्रता से बनवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है। जिला अध्यक्ष ने सभी पार्षदों से आह्वान किया कि वे वार्ड स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि कोई भी पात्र नागरिक योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस दौरान नगर परिषद वाइस चेयरमैन श्याम चुघ सहित सभी पार्षद एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में आई शिकायतों का गंभीरता से निपटारा करें अधिकारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। समाधान शिविर को लेकर समीक्षात्मक बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समाधान शिविरों के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। डीसी मीणा शुक्रवार का लघु सचिवालय स्थित सभागार में सभी अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों व उनके निवारण के कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। डीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करें। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा एक सप्ताह में करें। सभी विभागों के मुख्य अधिकारी यह तय करें कि सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में या तो वे स्वयं आएंगे या ऐसे अधीनस्थ अधिकारी को भेजें, जिसको अपने कार्यालय की समुचित जानकारी हो।

---


रेवाड़ी। डहीना में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए विधायक अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

### गांवों के विकास कार्यो को समय पर पूरा कराएं अधिकारी

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार खंड कार्यालय डहीना में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। विधायक अनिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार ने जनहित की अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हुई हैं। इन योजनाओं का जरूरतमंद नागरिकों को समय पर लाभ मिलना चाहिए। इसी प्रकार सरकार द्वारा गांवों में जो विकास कार्य कराए जा रहे हैं, उन्हें अधिकारी समय पर पूरा करे। विधायक ने पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, राजस्व विभाग व पंचायत विभाग से संबंधित समस्याएं सुनीं और इनका निवारण करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर डहीना ब्लॉक चेयरमैन कर्णपाल, जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष गोपी, हरीश, अनूप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एम्स संघर्ष समिति ने बावल कृषि कॉलेज के छात्रों की मांगों को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल


रेवाड़ी। छात्रों से बात करते एम्स संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हिसार एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज व मांगों के समर्थन में पिछले दस दिन से बावल कृषि कॉलेज में छात्रा धरना दे रहे है। शुक्रवार को एम्स संघर्ष समिति मनेठी ने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्रों को अपना समर्थन दिया और सरकार से हठधर्मिता छोड़कर छात्रों की मांगे पूरी करने और दमन पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने हिसार कृषि विश्विद्यालय के वीसी को हटाने की मांग की। समिति के सदस्यों ने कहा कि हिसार में छात्रों पर कातिलाना हमला करने वाले सुरक्षा गार्ड्स पर मुकदमा दर्ज किया जाए। समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि जिलावासी सभी छात्रों के आपके संघर्ष में साथ है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के स्टाइफंड को कम करके और स्टाइफंड पाने वाले छात्रों की संख्या भी कम करके और नई नई शर्ते जोड़कर छात्रों को पढ़ाई से वंचित करना चाहती है, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं है। सरकार शिक्षा को मुनाफे की चीज बनाना चाहती है। नई शिक्षा नीति इसी दिशा में जन विरोधी कदम है।


रेवाड़ी। महाग्राम सचिव का स्वागत करते सरपंच रामकिशन जांगड़ा व पंच। फोटो : हरिभूमि

### कोसली की पंचायत महाग्राम पंचायत घोषित

**कोसली।** कोसली गांव की पंचायत को महाग्राम पंचायत घोषित किया गया है। महाग्राम पंचायतों में पंचायत विभाग की ओर से महाग्राम सचिव लगाए गए हैं। शुक्रवार को कोसली में पहली बार पंचायत की बैठक में पहुंचे महाग्राम सचिव पूर्ण सिंह यादव का सरपंच रामकिशन जांगड़ा व ग्राम पंचायत के सदस्यों ने स्वागत किया। महाग्राम सचिव ने बताया कि दस हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को महाग्राम बनाया है तथा ऐसी पंचायत के लिए महाग्राम सचिव की नियुक्ति की गई है। सरपंच रामकिशन ने कोसली को महाग्राम पंचायत घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। महाग्राम पंचायत बनने से गांव का ओर तेजी से विकास होगा। इस अवसर पर पंच ओमप्रकाश डाबला, कृष्ण यादव, सतबीर, कर्मसिंह, मिथलेश यादव, राजेन्द्र यादव,अनिल यादव, आदित्य शर्मा, भारत यादव, बालाबदेवी, शारदा यादव, पुष्पा देवी व संदीप पंच मौजूद थे।

---

### अंतिम संस्कार पैतृक गांव चौकी नंबर-1 में सैन्य सम्मान के साथ किया गया

# सीआरपीएफ जवान की हार्ट अटैक से मौत, सम्मान के साथ पैतृक गांव में किया गया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



। जवान को नमन करते हुए सीआरपीएफ अधिकारी व जवान को सलामी देते हुए सीआरपीएफ टुकड़ी।

जिले के गांव चौकी नंबर-एक निवासी सीआरपीएफ के जवान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शुक्रवार को जवान का अंतिम संस्कार पैतृक गांव चौकी नंबर-1 में सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सीआरपीएफ की टुकड़ी ने जवान को अंतिम सलामी दी। जवान की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। चौकी नंबर-1 गांव निवासी महाबीर प्रसाद सीआरपीएफ की 88 बटालियन में दिल्ली तैनात थे। करीब 10 दिन पूर्व उनके गले में इन्फेक्शन हो गया, जिसके लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक सप्ताह अस्पताल में भर्ती रहने के बाद वे 2 दिन पहले ही अवकाश पर गांव आए थे। गत रात को वे दूध पीने के पश्चात सो गए थे, उसी दौरान उन्हें हॉर्ट अटैक आ गया, जिससे महाबीर प्रसाद की मौत हो गई। जवान महाबीर प्रसाद का सितंबर 2026 में रिटायरमेंट होना था। फिलहाल उनकी उम्र करीब 58 साल थी।

### आईजीयू ने यूजी कोर्स के छठे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम किए घोषित

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर ने विभिन्न यूजी कोर्सों के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुई परीक्षाओं के छठे सेमेस्टर का अधिकांश कोर्सों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। कुछ कोर्सों का परिणाम आना बाकी है, जिसे जल्द ही घोषित कर दिया जाएगा।

**सरपंच, ग्राम पंचायत श्री केशव नगर (बहोतवास भोंदू)**
ब्लाक जाटूसाना जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाम पंचायत श्री केशव नगर (बहोतवास भौन्दू) खण्ड जाटूसाना में एक जल कर्मी की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक अभियार्थी अपना आवेदन व दस्तावेज (10वीं 12वीं, Diploma, ITI etc.) ग्राम पंचायत श्री केशव नगर के सरपंच के पास जमा करवाना सुनिश्चित करे। आवेदन जगा करवाने की तिथि 21 जून 2025 से 30 जून 2025 तक है।
**नोट: दिनांक 30.06.2025 के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन मान्य नहीं होगा।**
अधिक जानकारी के लिए कर्मबीर सरपंच ग्राम पंचायत श्री केशव नगर से संपर्क करे। Mob. 8053681477

हस्ता/- कर्मबीर, सरपंच,
ग्राम पंचायत श्री केशव नगर, खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी)

## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन में मोबाइल फोन छीनकर फरार

**रेवाड़ी।** हनुमानगढ़ से रेवाड़ी आ रहे एक रेल यात्री का मोबाइल फोन छीनकर बदमाश चलती ट्रेन से कूद गया। दिल्ली के न्यू मुफ्ताफबाद निवासी अहतेराम अहमद ने जीआरपी को दर्ज शिकायत में बताया कि वह ट्रेन से हनुमानगढ़ से रेवाड़ी आ रहा था। ट्रेन चलते ही एक युवक उसके हाथ से फोन छीनकर ट्रेन से कूद गया। ट्रेन के स्पीड पकड़ने के कारण वह उसका पीछा नहीं कर सका। शिकायत पर जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए उसे हनुमानगढ़ जीआरपी को प्रेषित कर दिया।

### रेजांगला पार्क के गेट पर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रेजांगला पार्क के गेट के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में शक्ति नगर निवासी सत्यनारायण ने बताया कि वह बाइक लेकर रेजांगला पार्क में घूमने के लिए आया था। बाइक पार्क के गेट के पास खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह पार्क से बाहर निकला तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सड़क हादसों के आरोपी तीन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने सड़क पर बिना इंडिकेटर जलाए ट्रॉला खड़ा करने के बाद हुए हादसे के आरोपी चालक राजस्थान के बनापुर निवासी विक्रम को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने 2 मई को हुए सड़क हादसे के आरोपी चालक राजस्थान के श्रीयाणी निवासी पंकज को गिरफ्तार किया है, जबकि धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 18 जून को हुए हादसे में आरोपी चालक महेंद्रगढ़ के पाथेड़ा निवासी पवन को गिरफ्तार किया है।

### मानसिक परेशान युवक ने फांसी लगाई

**रेवाड़ी।** गोकलगढ़ में मानसिक रूप से परेशान चल रहे एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार करीब 40 वर्षीय हरिओम कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। बीमारी से तंग आकर उसने पशुचारा रखने वाले कमरे में लोहे के एंगल से फांसी लगाकर जान दे दी। पता चलने के बाद परिजनों ने पुलिस ने सूचना दी।

## धरने को मिलने लगा आसपास के गांवों का समर्थन

# अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर धरना जारी, एम्स समिति ने दिया समर्थन




रेवाड़ी। रामगढ़ भगवानपुर में धरने पर बैठे ग्रामीण व रामगढ़ भगवानपुर में धरने पर बैठी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- जिला पार्षद मनीराम ने दी धरने को आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड का सरकारी अस्पताल बनवाने की मांग को लेकर दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन में प्रवेश कर गया। धरने को एक ओर जहां राजनीतिक दलों का समर्थन मिलना शुरू हो गया है, तो दूसरी ओर एम्स संघर्ष समिति ने भी शुक्रवार को धरने का समर्थन किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया था कि अगर रेवाड़ी शहर की पानी की किल्लत को दूर करने के लिए पंचायत वाटर टैंक निर्माण को जमीन देती है, तो अस्पताल भी इसी गांव में बनवाया जाएगा। पंचायत सरकार को वाटर टैंकों के लिए जमीन दे चुकी है, परंतु अब अस्पताल कहीं और बनाने की तैयारी की जा रही है। राव इंद्रजीत सिंह के ग्रामीणों का भरोसा तोड़ा है।

उन्होंने पांच गांवों के लोगों को 16 जून को अपने निवास पर मिलने का समय तक नहीं दिया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय मंत्री की वादा खिलाफी से ग्रामीणों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल नहीं बनवाती है, तो ग्राम पंचायत की वाटर टैंक निर्माण के लिए ली गई जमीन भी तुरंत लौटाए। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धरने के प्रति आसपास के गांवों के लोगों का जोश भी लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को मीरपुर के सरपंच कंवरसिंह, अनूप डूंगरवास, राजकुमार बालियर कलां, खजान सिंह बुड़ानी, मंगला लांबा, राहुल गोकलपुर, जगबीर जाट, भगत सिंह व कुलदीप आदि ने धरने में पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

### पार्षद मनीराम ने दी आर्थिक सहायता

धरने में पहुंचे जिला पार्षद मनीराम यादव ने ग्रामीणों की मांग को जायज करार देते हुए कहा कि जो पंचायत शहर के लोगों की प्यास बुझाने के लिए अपनी जमीन दे रही है, अस्पताल का हक भी उसी का बनता है। उन्होंने धरने को चलाने के लिए अपनी ओर से 5 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी दी। साथ ही ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह सरकार के खिलाफ लड़ाई में ग्रामीणों का खुलकर साथ देने के लिए तैयार हैं।

### सत्तापक्ष के नेताओं ने बनाई दूरी

धरना शुरू होने के बाद विपक्षी दलों के नेताओं ने इसे समर्थन देना शुरू कर दिया है। इनेलो नेताओं ने एक दिन पूर्व ही धरने को समर्थन देते हुए ग्रामीणों की मांग को जायज करार दिया था। अब कांग्रेसी नेता भी धरने को समर्थन देने लगे हैं। अभी तक सत्ता पक्ष के नेताओं ने धरने से दूरी बनाई हुई है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह खेमे की ओर से ग्रामीणों को अभी तक किसी तरह का कोई आश्वासन नहीं दिया गया है।



रेवाड़ी। बस स्टैंड पर जानकारी देते हुए दुर्गा शक्ति टीम। फोटो :हरिभूमि

# महिलाओं को अपराधों के प्रति किया जागरूक

- आज नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की दुर्गा शक्ति विंग इंचार्ज एएसआई सुनीता के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को बस स्टैंड परिसर में छात्राओं व महिलाओं को विभिन्न अपराधों की जानकारी दी। पुलिस की ओर से अपराधों से बचाव व निवारण सहित नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी अवगत करवाया। एएसआई सुनीता ने कहा कि आज नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है।

युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं, परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है। नशे की वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं। उन्होंने कहा कि अगर आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो तुरंत पुलिस को सूचना देकर जिले को नशा मुक्त करने में सहयोग करें।

### 1930 पर कॉल करें

यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है, जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम से यात्रा के दौरान महिला के पास कॉल करके यह सुनिश्चित किया जाता है कि महिला सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लालच या ऑफर के चक्कर में साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं। साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर भोले भाले नागरिकों के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। जागरूक होकर ही हम साइबर अपराधियों के चंगुल से बच सकते हैं। साइबर ठगी की वारदात होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर सूचना दें। इस अवसर पर ईएचसी शर्मिला, महिला सिपाही हेमलता व रितु सहित काफी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

# कैंटीन का बचा हुआ खाना उठाने को लेकर विवाद, जमकर मारपीट

**धारूहेड़ा।** कैंटीन का बचा हुआ खाना उठाने के टेंडर को लेकर चल रही रंजिश के चलते कुछ लोगों ने रास्ता रोककर ठेकेदार के दो कारिंदों के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में राजस्थान के फूलबाग भिवाड़ी निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह डेयरी का कार्य करता है। उसने एक कंपनी की कैंटीन का बचा हुआ खाना व अन्य सामान उठाने का ठेका लिया हुआ है। उसकी पिकअप गाड़ी लेकर चालक फूलबाग निवासी राजबहादुर और हेल्पर नूंह के रंगाला निवासी अजीत सिंह कंपनी की कैंटीन पर बचा हुआ खाना व अन्य सामान लेने के लिए निकले थे। उसने आरोप लगाया कि कुछ दूर चलने के बाद एक बाइक आगे लगाकर गाड़ी रुकवा ली।

### पूर्व ठेकेदारों पर हमला करवाने का आरोप

सतीश ने पुलिस शिकायत में बताया कि इससे पहले कैंटीन से बचा हुआ खाना व कचरा उठाने का ठेका राजस्थान के सायलका निवासी रविंद्र व उसके भाई नरेंद्र के पास था। उसने आरोप लगाया कि ठेका नहीं मिलने के कारण दोनों ने उसके कारिंदों पर हमला करवाया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### खोल में फायरिंग करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** नांधा गांव में बीते 18 जून को युवक पर फायर करने के मामले में थाना खोल पुलिस ने दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस शिकायत में नांधा निवासी शिवम ने बताया था कि वह 18 जून को अपने घर पर मौजूद था। मकान के गेट के पास बाइक रुकने की आवाज आई तो वह घर के बाहर आ गया।

वहां दो बाइकों पर दो युवक खड़े हुए थे। उनमें एक नांधा निवासी हिमांशु बाइक से उतरकर उसकी ओर आया। उसने उस पर पिस्टल से गोली चला दी। वह गोली लगने से बाल-बाल बच गया।

# खोरी गांव को हेल्थ सब सेंटर का तोहफा

- कैबिनेट मंत्री आरती राव ने दिलाई मंजूरी
- घोषणा के साथ ही ग्रामीणों में खुशी की लहर, लोगों ने कैबिनेट मंत्री का जताया आभार

आदर्श शर्मा ▶▶| खोरी

खोरी में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर लंबे समय से की जा रही मांग को कैबिनेट मंत्री आरती राव ने सिरे चढ़ा दिया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने खोरी में हेल्थ सब सेंटर खोलने को मंजूरी प्रदान कर दी है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री का आभार भी जताया है। इस गांव में पीएचसी या सीएचसी खोलने की मांग काफी समय से चली आ रही थी। पूर्व में पीएचसी खोलने पर विचार किया गया, परंतु राजनीतिक कारण से पीएचसी एक अन्य गांव में चली गई। इससे ग्रामीणों को झटका लगा था। ग्रामीण लगातार गांव में स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग कर रहे थे। उनहोंने कैबिनेट मंत्री आरती राव से मिलकर गांव में स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने की मांग की थी। उन्होंने ग्रामीणों को जल्द हेल्थ सेंटर खुलवाने का भरोसा दिलाया था। कैबिनेट मंत्री ने सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष खोरी में हेल्थ सब सेंटर खुलवाने का प्रस्ताव रखा था, जिस पर सीएम ने सहमति की मुहर लगा दी।

### गांव में स्वास्थ्य ढांचा होगा मजबूत



स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और हर नागरिक की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उनकी त्वरित मंजूरी और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया, जिससे इस अति आवश्यक परियोजना के समय पर क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह उप-स्वास्थ्य केंद्र टीकाकरण, बुनियादी चिकित्सा उपचार और निवारक देखभाल के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा। यह पहल स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राज्य के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है, खासकर हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में।

### घर के पास स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम स्वस्थ हरियाणा के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रामीणों को अब घर के नजदीक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त स्टाफ और संसाधन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया है कि यह स्वास्थ्य केंद्र शुरू से ही प्रभावी ढंग से काम करे।

## नई दिल्ली-अजमेर शताब्दी का दौराई तक छह माह बढ़ा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का दौराई स्टेशन तक अस्थाई विस्तार को छह माह के लिए बढ़ाया जा रहा है। रेलवे प्रवक्ता ने बताया के गाड़ी संख्या 12015/12016 नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का पूर्व में विस्तार को 18 अगस्त तक था, जिसको अब छह माह के लिए और बढ़ाया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# आज भारत न केवल उभरती शक्ति, बल्कि विश्व नेतृत्व की ओर अग्रसर एक सक्षम राष्ट्रः रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। विकसित भारत बनाने में योगदान देने के लिए संकल्प लेते कार्यकर्ता।

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर रेवाड़ी भाजपा मंडल की ओर से भाजपा कार्यालय में संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी एवं सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष समीर कालड़ा ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा रामपाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा नीतू चौधरी व जिला आईटी प्रमुख एडवोकेट नवीन शर्मा उपस्थित थे। मंच संचालन मंडल महामंत्री राजीव आहूजा एवं मुकेश सारवान ने किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा रामपाल यादव ने कहा कि आज भारत न केवल उभरती शक्ति है, बल्कि विश्व नेतृत्व की ओर अग्रसर एक सक्षम राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों में स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया तथा स्टार्टअप इंडिया से देश के विकास में क्रांति आई है। आईटी प्रमुख एडवोकेट नवीन शर्मा ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विजन से मिशन की ओर और मिशन से सिद्धि की ओर महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। सभी को संकल्प दिलाते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में हम अपनी भूमिका निभाकर एक विकसित भारत की ओर मिलकर कदम बढ़ाएंगे। नीतू चौधरी ने कहा कि 2014 में जब मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब देश कई समस्याओं से जूझ रहा था। कार्यक्रम में नानक चंद मंडल उपाध्यक्ष, रोशनलाल सचिव, शिंभू सैनी मंत्री, परविंदर किराड मंत्री, राजेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी, संदीप कुमार सहकोषाध्यक्ष, आशा मखीजा मंत्री, रेखा शर्मा, नीरू भारद्वाज, डीएम यादव, राहुल कुमार बंजारा, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में फायरिंग मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गत वर्ष अगस्त माह में पटौदी रोड पर एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में घुसकर फायरिंग करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। फायरिंग में गोली लगने से दो लोग घायल हो गए थे। प्रॉपर्टी डीलर सचिन यादव ने गत वर्ष 23 अगस्त को पुलिस शिकायत में बताया था कि उसका दुर्गा कॉलोनी में प्रॉपर्टी का ऑफिस है। वह ऑफिस के पास खाली जमीन पर अपना कुत्ता घुमाने के लिए निकला था। जवाहर कॉलोनी निवासी मोहित व डहीना निवासी विक्की उसके ऑफिस में घुस गए। उनके साथ आए दो युवक बाहर बाइक पर खड़े थे। मोहित और विक्की ने ऑफिस में घुसकर दनादन गोलियां चलाना शुरू कर दिया। धमकी दी कि नितिन भाई से दुश्मनी का अंजाम बुरा होगा। जब उनके जाने के बाद वह ऑफिस पहुंचा तो वहां मौजूद गोकलगढ़ निवासी योगेश सैनी और साल्हावास गुर्जर निवासी रविकांत को गोली लगी हुई थीं। उसने दोनों को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया। सदर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले के कुछ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में महेंद्रगढ़ के खुड़ाना बास निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया गया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

**योग दिवस** | आयुष्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से बाल भवन में योग संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# योग एवं प्राणायाम से शरीर निरोगी बनने के साथ सकारात्मक सोच भी उत्पन्न होती : ममता यादव

योग भारत की पुरातन विद्या है, जिसे पूरी दुनिया ने स्वीकार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बाल भवन में योग संगम कार्यक्रम में योगाभ्यास करते हुए योग साधक।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में आयुष्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों ने योग प्रोटोकाल का अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ममता यादव सदस्य हरियाणा लोक सेवा आयोग व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला खजाना अधिकारी सतीश कुमार ने किया। संस्था के बाल योगी शुभम शर्मा व छोटे बच्चों ने शंखनाद किया। मंच संचालन आलोक भांडोरिया ने किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ममता यादव ने कहा कि योग एवं प्राणायाम से जहां शरीर निरोगी बनता है, वहीं सकारात्मक सोच भी उत्पन्न होती है। योग करने से मन, शरीर व आत्मा का संतुलन बना रहता है। जिला खजाना अधिकारी ने कहा कि योग के प्रचार व प्रसार में आयुष्य मंदिर संस्था पिछले कई वर्षो से अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि योग भारत की पुरातन विद्या है, जिसे पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है, इसलिए शरीर यदि निरोगी है तो व्यक्ति सभी सुख सुविधाओं का आनंद उठा सकता है और यदि शरीर बीमार है तो सभी बड़ी से बड़ी सुख सुविधाएं भी निरर्थक साबित होती है।

### ध्यान एवं हास्यासन का अभ्यास करवाया

आयुष्य मंदिर ट्रस्ट की जिला प्रभारी एवं योगाचार्य सुषमा कुमारी ने अपनी टीम के साथ योग साधकों को योग प्रोटोकॉल के तहत आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं हास्यासन का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में सबसे पहले योग साधकों ने देशभक्ति गीतों पर योग की विभिन्न मुद्राओं के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा बालिकाओं ने आत्मरक्षा के स्टेप्स की प्रस्तुति दी। सभी को बाल योग कला रत्न अवार्ड तथा शुभम भारद्वाज को ब्रांड एंबेसडर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों, योग के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाने वाले महिलाओं और पुरुषों व सभी प्रतिभागियों कों आयुष मंत्रालय भारत सरकार से सर्टिफाइड प्रोफारेशनल योग वॉलेंटियर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आईजीयू के परास्नातक योग विद्यार्थी अभिमन्यु को इंटर्न ऑफ बेस्ट अवार्ड, नितारा को नन्हा योग सितारा अवार्ड, कंचन व निकिता को आयुष्य अलंकरण अवार्ड तथा संस्था के साथ निष्काम सेवा कार्य करने वालों को आयुष्य प्रभा पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर डाइट प्रोफेसर धर्मेन्द्र, रामप्रताप, महावीर, हिमांशु भारद्वाज, कपिल गौड़, अमित अदलखा, दीपक चौपड़ा व राजकुमार चौपड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।